Dainik Bhaskar (Indore), 7th November 2020, Page-4

# अपराधों को रोकने में तकनीक भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है : मिश्र

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी इंदौर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया। इस दौरान कई गतिविधियां संचालित की गईं। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी हरिनारायणाचारी मिश्र मौजूद थे। उन्होंने आईआईटी द्वारा किए गए सतर्कता और पारदर्शिता के बेहतर प्रयोगों के संकलन का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और अपराधों को रोकने में तकनीक भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कोरोना के कारण ऑनलाइन गतिविधियों के साथ ऑनलाइन अपराध भी बढ़ गए हैं। आईआईटी इंदौर जैसे संस्थान ऐसे अपराधों को रोकने के लिए मैकेनिज्म तैयार करने में मदद कर सकते हैं। इस मौके पर आईआईटी निदेशक प्रोफेसर नीलेश जैन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने आईआईटी डायरेक्टर के साथ मिलकर पौधारोपण भी किया।